Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 9 अगस्त, 2023

विश्व आदिवासी दिवस 2023

- दिसंबर 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाए गए एक प्रस्ताव के अनुसार, **विश्व भर के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस**, जिसे [विश्व आदिवासी दिवस](#) **(World Tribal Day)** भी कहा जाता है, प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है।
- यह दिवस वर्ष 1982 में **स्वदेशी आबादी पर मानवाधिकार कार्य समूह के संवर्द्धन और संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र उप-आयोग** की उद्घाटन बैठक के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसमें विश्व भर में स्वदेशी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उनके संरक्षण के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है।
- वर्ष 2023 में विश्व आदिवासी दिवस का विषय **"इंडीजेनस यूथ ऐज़ एजेंट ऑफ चेंज फॉर सेल्फ-डिटरमीनेशन"** है।
- इस दिवस का विशेष महत्त्व है क्योंकि **स्वदेशी लोग अक्सर समाज में सबसे वंचित नस्लीय और जातीय समूहों में से एक होते हैं।**
- संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि **स्वदेशी लोगों की आबादी वैश्विक आबादी के 5%** से भी कम है, फिर भी **विश्व के सबसे गरीब लोगों में इनकी हिस्सेदारी के 15%** है।

भारत छोड़ो आंदोलन दिवस 2023

- [भारत छोड़ो आंदोलन,](#) जिसे **अगस्त आंदोलन** या भारत छोड़ो आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है, भारत में **ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन को समाप्त करने और पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करने के उद्देश्य** से **8 अगस्त, 1942 को [महात्मा गांधी](#) द्वारा शुरू** किया गया, जो [भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस](#) **द्वारा समर्थित एक महत्त्वपूर्ण नागरिक अवज्ञा आंदोलन** था। .
  - **वर्ष 2023** में **भारत छोड़ो आंदोलन की 81वीं वर्षगाँठ** है।
  - इस दिन 8 अगस्त, 1942 को **गांधी ने गोवालिया टैंक मैदान** में, जो कि **अब अगस्त क्रांति मैदान के नाम से प्रसिद्ध है, प्रसिद्ध "करो या मरो" का नारा** दिया था।
  - **'भारत छोड़ो' का नारा यूसुफ मेहरअली द्वारा** दिया गया था, जो **एक समाजवादी और ट्रेड यूनियनवादी** थे, जिन्होंने **मुंबई के मेयर के रूप में भी कार्य** किया था।
  - **मेहरअली ने "साइमन गो बैक" का नारा** भी दिया था।

और पढ़ें... [भारत छोड़ो आंदोलन, महात्मा गांधी](#)

ई-अटेंडेंस के माध्यम से मनरेगा में बढ़ी पारदर्शिता

हाल ही में **केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्रालय (Union Ministry of State for Rural Development)** ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर के दौरान [महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना](#) **(Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme) में ई-अटेंडेंस (E-Attendance)** पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

- विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बढ़ाने के लिये **नेशनल मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम (National Mobile Monitoring System- NMMS) एप** के उपयोग की आवश्यकता हेतु एक जनादेश सुनिश्चित किया गया है।
- यह एप व्यक्तिगत लाभार्थी कार्यों को छोड़कर, **योजना की गतिविधियों में लगे श्रमिकों की [जियो-टैग](#) (जिस पर समय का उल्लेख भी हो)** वाली दो तस्वीरों के साथ उपस्थिति दर्ज करता है।
- ऑफलाइन मोड सुबह की उपस्थिति (Morning Attendance) और तस्वीरों को कैप्चर करने में सक्षम बनाता है, बाद में नेटवर्क कनेक्शन उपलब्ध होने पर अपलोड करता है।
- **1 जनवरी, 2023 से** प्रभावी यह आवश्यकता **न केवल कार्यक्रम की नागरिक निगरानी को बढ़ावा देती है बल्कि भुगतान प्रसंस्करण में भी तेज़ी लाती है।**
- उपस्थिति और फोटो रिकॉर्ड करने की ज़िम्मेदारी **कार्यस्थल पर पर्यवेक्षकों** की है, जो इस उद्देश्य के लिये **NMMS एप का उपयोग करते हैं।**

और पढ़ें...

[महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)](#)

भारत के रक्षा मंत्रालय ने उन्नत साइबर सुरक्षा हेतु 'माया' OS को अपनाया

भारत के रक्षा मंत्रालय ने इंटरनेट से जुड़े कंप्यूटरों पर **माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम (OS)** को [ओपन-सोर्स](#) **उबंटू (Ubuntu)** पर आधारित स्थानीय रूप से विकसित **माया नामक एक नए OS** से बदलने का फैसला किया है।

- माया (Maya) में परिवर्तन का उद्देश्य **उपयोगकर्त्ता को बाधित किये बिना सुरक्षा को मज़बूत** करना है, क्योंकि यह विंडोज़ के समान इंटरफेस और कार्यक्षमता प्रदान करता है।
  - यह कदम **साइबर हमलों** की बढ़ती घटनाओं के कारण उठाया गया है।
- माया के कार्यान्वयन के साथ-साथ इन प्रणालियों को मज़बूत करने के लिये एक व्यापक **'अंतः बिंदु पहचान और सुरक्षा प्रणाली,' चक्रव्यूह** भी पेश किया जा रहा है।

और पढ़ें... **साइबर सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-9-august-2023